न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(भारत सरकार का उद्यमA Government of India Enterprise)
तारापुर महाराष्ट्र स्थल Tarapur Maharashtra Site
पो : टीएपीपी, बोईसर (प.रे), जिला : पालघर, महाराष्ट्र 401 504
PO : TAPP, Boisar (WR), Dist.Palghar, Maharashtra – 401504
CIN:U40104MH1987GOI149458, Web:www.npcilcareers.co.in

मानव संसाधन प्रबंधन

विज्ञापन सं. टीएमएस/मा.सं.प्र./01/2026

ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	**15 जनवरी 2026 को 10:00 बजे से**
ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**04 फरवरी 2026 को 16:00 बजे तक**
आवेदन शुल्क जमा करने की तिथि	**04 फरवरी 2026 को 16:00 बजे तक**

एनपीसीआईएल, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्यरत, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख उद्यम(सीपीएसई) है, जो एक ही छत के नीचे नाभिकीय प्रौद्योगिकी के सभी पहलुओं यथा भारत में नाभिकीय रिएक्टरों के लिए स्थल चयन, अभिकल्पन, निर्माण, कमीशनिंग, प्रचालन, अनुरक्षण, नवीयन, आधुनिकीकरण तथा उन्नयन, संयंत्र आयु विस्तार, अपशिष्ट प्रबंधन एवं डीकमीशनिंग की व्यापक क्षमता रखता है। **तारापुर परमाणु बिजलीघर, एनपीसीआईएल** इन विविध चुनौतीपूर्ण उत्तरदायित्वों को साझा करने के लिए निम्नलिखित पदों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:-

1. पद एवं रिक्तियों का विवरण :
(ए) रिक्तियों का श्रेणीवार विवरण

क्र.सं.	पद का नाम	रिक्तियां	अ.जा.	अ.ज.जा	अपिव(नॉन क्रीमी लेयर)	ईडब्ल्यूएस	अना	कुल
1.	वैज्ञानिक सहायक/बी(सिविल)	वर्तमान	-	-	01	-	01	02
		बैकलॉग	-	-	-	-	-	-
		कुल	**-**	**-**	**01**	**-**	**01**	**02**
2.	वैतनिक प्रशिक्षु/ वैज्ञानिक सहायक (एसटी/एसए-श्रेणी- **I**)	वर्तमान	02	01	01	01	05	10
		बैकलॉग	-	-	02	-	-	02
		कुल	**02**	**01**	**03**	**01**	**05**	**12**
3.	वैतनिक प्रशिक्षु/ तकनीशियन (एसटी/टीएन)-(श्रेणी-**II**)	वर्तमान	15	12	05	08	43	83
		बैकलॉग	-	-	-	-	-	-
		कुल	**15**	**12**	**05**	**08**	**43**	**83**
4.	एक्स-रे तकनीशियन (तकनीशियन-सी**)**	वर्तमान	-	-	01	-	01	02
		बैकलॉग	-	-	-	-	-	-
		कुल	**-**	**-**	**01**	**-**	**01**	**02**
5.	सहायक ग्रेड.1(मा.सं.)	वर्तमान	-	01	02	01	02	06
		बैकलॉग	-	-	-	-	-	-
		कुल	**-**	**01**	**02**	**01**	**02**	**06**
6.	सहायक ग्रेड.1(वि.एवं लेखा)	वर्तमान	-	-	01	01	01	03
		बैकलॉग	01	01	-	-	-	02
		कुल	**01**	**01**	**01**	**01**	**01**	**05**
7.	सहायक ग्रेड.1(सं. एवं सा.प्र.)	वर्तमान	-	-	01	-	01	02
		बैकलॉग	-	01	01	-	-	02
		कुल	**-**	**01**	**02**	**-**	**01**	**04**

(बी) विधा/ट्रेड और रिक्तियों का श्रेणीवार विवरण:

क्र.सं.	पद का नाम	विधा/ट्रेड	अ.जा.	अ.जा. जा	अपिव (नॉन क्रीमी लेयर)	ईडब्ल्यूएस	अना	कुल
1	वैज्ञानिक सहायक/बी	सिविल	-	-	1	-	1	02
2	वैतनिक प्रशिक्षु/ वैज्ञानिक सहायक (एसटी/एसए-श्रेणी-**I**)	यांत्रिकी	1	1	1	1	1	05
		मापयंत्रण	-	-	1	-	1	02
		विद्युत	1	-	-	-	1	02
		स्वास्थ्य भौतिकी (बी.एस.सी.-भौतिकी/रसायन विज्ञान)	-	-	1	-	1	02
		इलेक्ट्रॉनिक्स	-	-	-	-	1	01
	कुल (क्र.सं 1 और 2)		**2**	**1**	**4**	**1**	**6**	**14**
3	वैतनिक प्रशिक्षु/तकनीशियन (एसटी/टीएन)-(श्रेणी-**II**)	प्लांट ऑपरेटर	12	9	4	6	35	66
		इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक	1	1	1	1	3	07
		मशीनिस्ट	1	1	-	-	1	03
		फिटर	-	1	-	-	1	02
		टर्नर	1	-	-	-	1	02
		मापयंत्रण मैकेनिक	-	-	-	1	1	02
		मेसन	-	-	-	-	1	01
		कुल	**15**	**12**	**5**	**8**	**43**	**83**
4	एक्स-रे तकनीशियन **(**तकनीशियन-सी**)**	एक्स-रे	-	-	1	-	1	02
5	सहायक ग्रेड.1(मा.सं.)	मा.सं.	-	1	2	1	2	06
6.	सहायक ग्रेड.1(वि.एवं लेखा)	वित्त एवं लेखा	1	1	1	1	1	05
7.	सहायक ग्रेड.1(सं. एवं सा.प्र.)	संविदा एवं सामग्री प्रबंधन	-	1	2	-	1	04

संक्षिप्तियाँ : अजा- अनुसूचित जाति, अजजा-अनुसूचित जनजाति, अपिव**(**नॉन क्रीमी लेयर)-अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), ईडब्ल्यूएस– आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अना- अनारक्षित

2. बेंचमार्क निशक्त जन के लिए आरक्षण (पीडब्ल्यूबीडी)

समूह-बी

पद का नाम	नि:शक्तता की श्रेणी	पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या	
		वर्तमान रिक्तियां	बैकलॉग रिक्तियां
वैतनिक प्रशिक्षु/वैज्ञानिक सहायक (एसटी/एसए-श्रेणी- **I**) - यांत्रिकी	(b)	-	01
वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल)	(b)	-	01
कुल		**-**	**02**

समूह – सी

पद का नाम	नि:शक्तता की श्रेणी	पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या	
		वर्तमान रिक्तियां	बैकलॉग रिक्तियां
सहायक ग्रेड.1(वित्त एवं लेखा)	(a)	-	01
सहायक ग्रेड.1(मा.सं.)	(b)	-	01
वैतनिक प्रशिक्षु/तकनीशियन (एसटी/टीएन)-(श्रेणी-**II**)- मशीनिस्ट	(a)	01	-
वैतनिक प्रशिक्षु/तकनीशियन (एसटी/टीएन)-(श्रेणी-**II**)-प्लांट ऑपरेटर	(b)	01	01
	(c)	01	01
	(d&e)	01	01
वैतनिक प्रशिक्षु/ तकनीशियन (एसटी/टीएन)-(श्रेणी-**II**)- फिटर	(a)	-	01
कुल		**04**	**06**

3. एनपीसीआईएल में पीडब्ल्यूडी के लिए चिन्हित पद : नि:शक्तता 40% या उससे अधिक होनी चाहिए					
विधा	**पद पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त विकलांगता श्रेणी**				
	(a)	**(b)**	**(c)**	**(d)**	**(e)**
समूह –बी					
वैतनिक प्रशिक्षु (वैज्ञानिक सहायक)-श्रेणी-I / वैज्ञानिक सहायक/बी					
यांत्रिकी/सिविल	-	डी,एचएच	ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई (ओए,ओएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एसएलडी,एमआई	एमडी
विद्युत	-	डी,एचएच	ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई (ओए,ओएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम), एसएलडी,एमआई	एमडी
इलेक्ट्रॉनिक्स	-	डी,एचएच	ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई (ओएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम), एसएलडी,एमआई	एमडी
मापयंत्रण	पीडब्ल्यूबीडी के लिए चिह्नित नहीं हैं				
स्वास्थ्य भौतिकी (बी.एस.सी.-भौतिकी/रसायन विज्ञान)	-	-	ओए, ओएल, बीएल, ओएएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई(ओए, ओएल, बीएल, ओएएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एसएलडी	एमडी
समूह – सी					
वैतनिक प्रशिक्षु/तकनीशियन (एसटी/टीएन)-(श्रेणी-II)/ एक्स-रे तकनीशियन (तकनीशियन-सी)/ सहायक ग्रेड.1(मा.सं./ वि.एवं लेखा/सं.एवं स.प्र.)					
प्लांट ऑपरेटर	-	डी,एचएच	ओए, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी,एसडी/एसआई(ओए, ओए, ओएएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम, एमओडी) एसएलडी,एमआई	एमडी
फिटर	बी, एलवी	डी,एचएच	ओएल, बीएल, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई (ओएल, बीएल के अंग डिस्फंक्शन सहित) एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम) एसएलडी,एमआई	एमडी
टर्नर/ मशीनिस्ट	बी, एलवी	डी,एचएच	ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी एसडी/एसआई (ओएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम) एसएलडी,एमआई	एमडी
इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक	पीडब्ल्यूबीडी के लिए चिह्नित नहीं हैं				
मापयंत्रण मैकेनिक	एलवी	डी,एचएच	ओए, बीए, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी एसडी/एसआई (ओए, बीए, ओएल, ओएएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम, एमओडी), आईडी, एसएलडी,एमआई	एमडी
मेसन	पीडब्ल्यूबीडी के लिए चिह्नित नहीं हैं				
एक्स-रे	एलवी	डी,एचएच	ओएल,एलसी,डीडब्ल्यू,एएवी,एसडी/एसआई (ओएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम), एसएलडी,एमआई	एमडी
सहायक (मा.सं.)	बी, एलवी	डी,एचएच	ओए, बीए, ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी डीडब्ल्यू, एएवी, एमडीवाई, एसडी/एसआई(ओए, बीए, ओएल, ओएएल के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम, एमओडी) एसएलडी,एमआई	एमडी
सहायक (वि.एवं लेखा))	एलवी	डी,एचएच	ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीए, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई (ओए, ओएल, ओएएल, बीएल, बीए के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम, एमओडी) एसएलडी,एमआई	एमडी
सहायक (सं. एवं सा.प्र.)	एलवी	डी,एचएच	ओए, बीए,ओएल, ओएएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई (ओए, बीए,ओएल, ओएएल, के अंग डिस्फंक्शन सहित), एसडी/एसआई किसी प्रकार के न्यूरोलजिकल/अंग डिस्फंक्शन रहित	एएसडी(एम, एमओडी) एसएलडी,एमआई	एमडी

पीडब्ल्यूबीडी निःशक्तता श्रेणी के लिए प्रयुक्त संक्षिप्तियाँ :	
पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी	**संक्षिप्तियाँ**
(a)	बी- दृष्टिहीन, एलवी- अल्प दृष्टि
(b)	डी- बधिर, एचएच- श्रवण बाधित
(c)	ओए- एक हाथ, ओएल-एक पैर, बीए- दोनों हाथ,बीएल- दोनों पैर,ओएएल- एक हाथ और एक पैर, बीएलओए-दोनों पैर और एक हाथ, सीपी- मस्तिष्क पक्षाघात, एलसी- उपचारित कुष्ठरोग, डीडब्ल्यू-बौनापन, एएवी- एसिड अटैक पीड़ित, एमडीवाई- मांसपेशीय दुर्विकास, एसडी/एसआई -रीढ़ की हड्डी की विकृति / रीढ़ की हड्डी की चोट
(d)	एएसडी-ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एम- हल्का, एमओडी-मध्यम) आईडी- बौद्धिक अक्षमता, एसएलडी- सीखने संबंधी विशिष्ट दिव्यांगता, एमआई- मानसिक बीमारी
(e)	एमडी- बहु दिव्यांगता

i. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों का चयन मौजूदा रिक्तियों में से किसी भी चिह्नित पद पर किया जाएगा। चूंकि, पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षण क्षैतिज है, इसलिए पीडब्ल्यूबीडी के अंतर्गत नियुक्त उम्मीदवारों को उनकी संबंधित श्रेणियों के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/अनारक्षित (यूआर) की रिक्ति के विरुद्ध समायोजित किया जाएगा।

ii. पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को विकलांग व्यक्तियों के अधिकार नियम, 2017 में निर्धारित प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जिसमें विफल रहने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

iii. केवल वे अभ्यर्थी जिनकी प्रासंगिक विकलांगता 40**%** से कम नहीं है, वे ही पीडब्ल्यूबीडी के तहत विचार किए जाने के पात्र होंगे। पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार कृपया सत्यापित कर लें कि उनकी विकलांगता की पहचान उस पद/विधा के लिए की गई है जिसके लिए वे आवेदन करना चाहते हैं। आवेदक के अनुरोध पर बाद के चरण में पद/ विधा या विकलांगता श्रेणी में किसी भी बदलाव पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv. बहु दिव्यांगता वाले पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार कृपया सत्यापित करें कि उनके पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण पत्र में उल्लिखित विकलांगता की पहचान उस विशेष पद/विधा के लिए की गई है जिसके लिए वे आवेदन करना चाहते हैं। यदि बाद में यह पाया जाता है कि उनके द्वारा दर्ज की गई एक या अधिक विकलांगता की पहचान उस पद/विधा के लिए नहीं की गई है, जिसके लिए आवेदन किया गया है तो उम्मीदवार को आगे की भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा, भले ही दर्ज की गई शेष विकलांगता की पहचान पद/विधा के लिए की गई हो।

v. पीडब्ल्यूबीडी के जिन उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा के लिए बुलाया गया है, उन्हें भारत सरकार के आदेशानुसार स्क्राइब/ पाठक/प्रयोगशाला सहायक का उपयोग करने की अनुमति होगी। हालांकि, भारत सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार उन्हें स्वयं ही स्क्राइब/पाठक/प्रयोगशाला सहायक/उपकरणों की व्यवस्था करनी होगी और उम्मीदवारों को ऑनलाइन परीक्षा से पहले इसकी सूचना देनी होगी। इसके अलावा, भारत सरकार के आदेशानुसार ऑनलाइन परीक्षा में बुलाए गए पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार अतिरिक्त प्रतिपूरक समय के लिए पात्र होंगे।

vi. यदि चिन्हित बेंचमार्क विकलांगता वाला कोई उपयुक्त व्यक्ति उपलब्ध नहीं है, तो रिक्ति को बैकलॉग पीडब्ल्यूबीडी रिक्तियों के संबंध में आरक्षण के लिए चिन्हित बेंचमार्क विकलांगता की श्रेणियों के बीच इंटरचेंज द्वारा भरा जा सकता है।

vii. परीक्षा केंद्रों में पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को प्रवेश और बैठने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।

4. अनिवार्य अर्हताएं :

पदों के नाम और आवेदन की अंतिम तिथि 04 फरवरी 2026 को आवश्यक अर्हता और अनुभव

1. **श्रेणी**-I **वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/एसए)-इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित विधा में न्यूनतम 60% अंको के साथ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, एस.एस.सी./एच.एस.सी. के पश्चात तीन वर्षीय अवधि का होना चाहिए।

या

एचएससी के बाद दूसरे वर्ष में लेटरल एंट्री के माध्यम से संबंधित विषय में इंजीनियरिंग में दो वर्षीय डिप्लोमा न्यूनतम **60%** अंकों के साथ हो, जो एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित हो।

एसएससी या एचएससी स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी एक विषय के रूप में होनी चाहिए।

नोट: दसवीं (एस.एस.सी.)+आई.टी.आई. के बाद डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री के जरिए डिप्लोमा करने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं है।

स्टाइपेंडरी प्रशिक्षु / वैज्ञानिक सहायक कैट**-I** के पद के लिए संबंधित विषयों की निम्नलिखित शाखाएं स्वीकृत हैं ।

1.	मैकेनिकल	मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
		प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
		ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
2.	इंस्ट्रूमेंटेशन	इंस्ट्रूमेंटेशन में डिप्लोमा
		इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कण्ट्रोल नियंत्रण में डिप्लोमा
3.	इलेक्ट्रिकल	इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
4.	इलेक्ट्रॉनिक्स	इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
		डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा
		इलेक्ट्रॉनिक्स और टेली-कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
		इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
		इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स में डिप्लोमा
		इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा

2. वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल)

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से सिविल इंजीनियरिंग में न्यूनतम 60% अंको के साथ डिप्लोमा। इंजीनियरिंग में डिप्लोमा, एस.एस.सी./एच.एस.सी. के पश्चात तीन वर्षीय अवधि का होना चाहिए।

या

एचएससी के बाद दूसरे वर्ष में लेटरल एंट्री के माध्यम से संबंधित विषय में इंजीनियरिंग में दो वर्षीर्य डिप्लोमा न्यूनतम **60%** अंकों के साथ हो, जो एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित हो।

एसएससी या एचएससी स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी एक विषय के रूप में होनी चाहिए।

नोट: दसवीं (एस.एस.सी.)+आई.टी.आई. के बाद डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में लेटरल एंट्री के जरिए डिप्लोमा करने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं है।

वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल) पद के लिए संबंधित विषय की निम्नलिखित शाखाएं स्वीकृत हैं ।

1.	सिविल	सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा
		सिविल और रूरल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा

3. श्रेणी- I **वैतनिक प्रशिक्षु/वैज्ञानिक सहायक (एसटी/एसए)-(स्वास्थ्य भौतिकी)- विज्ञान स्नातक**

न्यूनतम **60%** अंकों के साथ बी.एससी.। बी.एससी. में भौतिकी मुख्य विषय के रूप में एवं रसायन विज्ञान/गणित/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटर विज्ञान सहायक विषय के रूप में या बी.एससी. में रसायन विज्ञान मुख्य विषय के रूप में एवं भौतिकी/गणित/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्प्यूटर विज्ञान सहायक विषय के रूप में या बी.एससी. में भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं गणित विषय समान महत्व के रूप में हो।

एच.एस.सी. (10+2) स्तर पर गणित विषय होना अनिवार्य है।

एसएससी अथवा एचएससी स्तर की परीक्षा में अंग्रेजी एक विषय के रूप में होना अनिवार्य है।

<u>नोट</u> : अभ्यर्थी जिनके पास बी.एससी. में गणित मुख्य विषय के रूप में है, वे पात्र नहीं हैं।

4. श्रेणी-II **वैतनिक प्रशिक्षु/ (एसटी/टीएन)- मेन्टेनर (फिटर, टर्नर, मापयंत्रण मैकेनिक, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, मेसन)**

विज्ञान विषय/विषयों और गणित में व्यक्तिगत रूप से न्यूनतम 50% अंकों के साथ एसएससी (10वीं) और प्रासंगिक ट्रेड में 2 साल का आईटीआई प्रमाण पत्र।

उन ट्रेडों के लिए जिनके लिए आईटीआई पाठ्यक्रम की अवधि 2 वर्ष से कम है, उम्मीदवारों को पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद कम से कम एक वर्ष का प्रासंगिक कार्य अनुभव होना चाहिए।

कम से कम एसएससी स्तर की परीक्षा में एक विषय के रूप में अंग्रेजी होनी चाहिए।

एक वर्षीय आईटीआई पाठयक्रम समाप्त होने के बाद एक वर्ष अप्रेन्टिस प्रशिक्षण को एक वर्ष अनुभव के रूप में माना जाएगा। **इंटर्नशिप की अवधि को अनुभव नहीं माना जाएगा।**

नोट:

(**i)** 10 वीं मार्कशीट में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को विज्ञान के रूप में माना जाएगा।

(**ii)** यदि भौतिक विज्ञान और जीवन विज्ञान को 10वीं मार्कशीट में अलग से दिखाया गया है, तो दोनों विषयों के औसत को विज्ञान विषयों में प्रतिशत अंकों की गणना के लिए लिया जाएगा।

(**iii)** सामाजिक विज्ञान को विज्ञान नहीं माना जाएगा।

(**iv)** आईटीआई प्रमाण पत्र उन ट्रेडों में होना चाहिए, जो ओएण्डएम में प्रशिक्षण और नियुक्ति के क्षेत्र के लिए प्रासंगिक हैं ।

(**v)** 3 (तीन) वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र (एनएसी) पर विचार नहीं किया जाएगा, जहां आवश्यक योग्यता 2 (दो) वर्ष के आईटीआई प्रमाण पत्र है।

स्टाइपेंडरी प्रशिक्षु / वैज्ञानिक सहायक कैट-I **के पद के लिए संबंधित विषयों की निम्नलिखित ट्रेड्स स्वीकृत हैं ।**

1.	इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक	इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक में आईटीआई
		मैकेनिक इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक में आईटीआई
		इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एवं इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम मेंटेनेंस में आईटीआई
		तकनीशियन पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम में आईटीआई
2.	मशीनिस्ट	मशीनिस्ट में आईटीआई
3.	फिटर	फिटर में आईटीआई
4.	टर्नर	टर्नर में आईटीआई
5.	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक	इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक में आईटीआई
		इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक पॉवर प्लांट में आईटीआई
6.	मेसन	मेसन में आईटीआई

5.श्रेणी-II- वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)ऑपरेटर	
एचएससी (**10+2)** या विज्ञान स्ट्रीम (भौतिकी**,** रसायन विज्ञान और गणित विषयों के साथ) में आईएससी में समग्रत न्यूनतम **50%** अंक। कम से कम एसएससी स्तर की परीक्षा में एक विषय के रूप में अंग्रेजी होनी चाहिए।	
वैतनिक प्रशिक्षु (तकनीशियन) के लिए शैक्षिक योग्यता में छूट परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) को दी जाएगी, जिनकी भूमि तारापुर परमाणु बिजलीघर के लिए अधिग्रहित की गई है:	
प्लांट ऑपरेटर प्रशिक्षुओं के लिए शैक्षिक योग्यता	**मेन्टेनर प्रशिक्षुओं के लिए शैक्षिक योग्यता**
कम से कम एसएससी स्तर परीक्षा में अंग्रेजी एक विषय के साथ विज्ञान स्ट्रीम (भौतिकी**,** रसायन विज्ञान और गणित विषयों के साथ) में समग्रत न्यूनतम **40%** अंकों के साथ एचएससी (**12**वीं कक्षा) परीक्षा उत्तीर्ण की हो।	0**2** वर्ष आईटीआई सहित विज्ञान और गणित और अंग्रेजी विषयों में से किसी एक विषय के साथ एसएससी स्तर की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। जहां कहीं भी उन ट्रेडों के लिए जिनके लिए आईटीआई पाठ्यक्रम **2** वर्ष से कम है**,** पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद संबंधित क्षेत्र में **1** वर्ष का अनुभव आवश्यक है।
<u>नोट</u> : समूह `सी' पदों पर चयन के सभी चरणों में बोनस अंक के रूप में कुल अंकों के **20%** को परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों में जोड़ा जाएगा**,** जिनकी भूमि तारापुर परमाणु बिजलीघर के लिए अधिग्रहित की गई है।	
6. एक्स-रे तकनीशियन (तकनीशियन-सी)	
विज्ञान में न्यूनतम 60**%** अंकों के साथ एचएससी **(10+2)+**1 वर्षीय मेडिकल रेडियोग्राफी/एक्स-रे तकनीक ट्रेड प्रमाणपत्र + न्यूनतम 2 वर्षों का संबंधित पूर्णकालिक कार्यअनुभव जो अर्हता के बाद हो । **<u>नोट</u>** : समूह `सी' पदों पर चयन के सभी चरणों में बोनस अंक के रूप में कुल अंकों के **20%** को परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों में जोड़ा जाएगा**,** जिनकी भूमि तारापुर परमाणु बिजलीघर के लिए अधिग्रहित की गई है।	
7. सहायक ग्रेड 1.(मानव संसाधन_/वित्त व लेखा/ संविदा व सामग्री प्रबंधन)	
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से समग्रतः न्यूनतम 50% अंकों के साथ किसी भी विषय में **स्नातक डिग्री।** **<u>नोट</u> :** (i) परियोजना प्रभावित व्यक्ति (पीएपी) जिनकी भूमि तारापुर परमाणु बिजलीघर के लिए अधिग्रहित की गई है**,** उन्हें सहायक ग्रेड-1 के लिए स्नातक परीक्षा में केवल उत्तीर्ण होना ही पर्याप्त होगा। (ii) समूह `सी' पदों पर चयन के सभी चरणों में बोनस अंक के रूप में कुल अंकों के **20%** को परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों में जोड़ा जाएगा, जिनकी भूमि तारापुर परमाणु बिजलीघर के लिए अधिग्रहित की गई है।	

नोट :

i) जहां भी किसी पद पर भर्ती के लिए 10वीं कक्षा में आवश्यक योग्यता में अंकों का एक निश्चित प्रतिशत निर्धारित किया गया है, वह उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगा जिन्होंने वर्ष 2021 में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण की है और जहां कोविड-19 महामारी के कारण केंद्र/राज्य सरकार प्राधिकारी द्वारा जारी किसी विशेष आदेश के अनुसार उन्हें बिना अंक और प्रतिशत प्रदान किए उत्तीर्ण घोषित कर दिया गया है।

ii) समस्त निर्दिष्ट अनिवार्य अर्हताएं केवल पूर्णकालिक**,** नियमित एवं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय**/**संस्था से ही होनी चाहिए । दूरस्थ शिक्षा**,** अंशकालिक**,** प्राइवेट**,** ओपन स्कूलिंग/एनआईओएस इत्यादि के माध्यम से अर्जित अर्हता पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।

iii) संबंधित पद के आगे उल्लिखित केवल निर्दिष्ट विधा पर ही विचार किया जाएगा**,** तथापि संबंधित पद के लिए उल्लिखित मूल विधा के साथ अन्य विधा के कॉम्बिनेशन पर विचार किया जाएगा लेकिन किसी समतुल्य विधा पर विचार नहीं किया जाएगा।

iv) शैक्षणिक अर्हता के मामले में**,** यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान के अलावा**,** उस संस्थान द्वारा प्रदान की गई विशेष डिग्री को भी यूजीसी/एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित डिग्री होना आवश्यक है।

v) भर्ती के लिए उपरोक्त निर्धारित न्यूनतम अर्हता को पूरा करना होगा। न्यूनतम अर्हता से अधिक उच्च अर्हता सहित कोई अन्य अर्हता उम्मीदवार को सभी विज्ञापित पदों के लिए ऑनलाइन परीक्षा/व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिए अयोग्य नहीं बनाएगी। हालांकि**,** केवल निर्धारित न्यूनतम अर्हता पर ही विचार किया जाएगा।

vi) निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक अर्हता अनिवार्य है और इसके अभाव में यदि उम्मीदवार के पास भले ही कोई उच्च अर्हता हो**,** वह उसे पात्र नहीं बनाएगी।

vii) जहां कहीं भी अंकों के न्यूनतम प्रतिशत का उल्लेख किया जाता है**,** अंकों के प्रतिशत की गणना ऑनर्स/वैकल्पिक/अतिरिक्त वैकल्पिक विषयों पर ध्यान दिए बिना**,** यदि कोई हो, सभी विषयों में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त कुल अंकों को सभी सेमेस्टर/वर्षों में कुल अधिकतम अंकों से विभाजित करके की जाएगी। इस प्रकार निकाले गए प्रतिशत का भाग अनदेखा हो जाएगा अर्थात **59.99%** को **59%** ही माना जाएगा और इसलिए कि यह **60%** से कम है। यह उन विश्वविद्यालयों/संस्थानों पर भी लागू होगा जहां क्लास/ग्रेड का निर्णय केवल ऑनर्स अंकों के आधार पर किया जाता है।

viii) उम्मीदवारों ने आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अर्थात **<u>04 फरवरी 2026</u>** के पहले ही अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो। जिन उम्मीदवारों ने अर्हता परीक्षा में भाग लिया है लेकिन जिनके परिणाम आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक घोषित नहीं किए गए हैं**,** वे पात्र नहीं हैं।

5. वैतनिक प्रशिक्षुओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी:

पद का नाम	आवश्यक शारीरिक मानक	प्रशिक्षण की अवधि	प्रशिक्षण के दौरान वृत्तिका	निष्पादित किए जाने वाले बाण्ड का विवरण
श्रेणी- I वैतनिक प्रशिक्षु / वैज्ञानिक सहायक (एसटी / एसए) - इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक/विज्ञान स्नातक	अभ्यर्थी की न्यूनतम लम्बाई 160 से.मी. तथा न्यूनतम वजन 45.5 कि.ग्रा. होना चाहिए	18 महीने (01 ½ वर्ष)	प्रथम वर्ष में Rs.24000/- प्रतिमाह । अगले 06 महीने में Rs. 26000/- प्रतिमाह और Rs.3000/- पुस्तक भत्ता	चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षुता कार्यक्रम में शामिल होने से पहले एक बॉण्ड निष्पादित करना होगा। दिए जाने वाले बॉण्ड की अवधि, प्रशिक्षण अवधि की तीन गुना या अधिकतम 05 वर्ष होगी तथा बॉण्ड के उल्लंघन होने की स्थिति में पुन: भुगतान किए जाने वाली राशि वास्तविक रूप में प्राप्त वृत्तिका एवं Rs.3000/- पुस्तक भत्तें के बराबर होगी। श्रेणी-I वैतनिक प्रशिक्षु/ वैज्ञानिक सहायक (एसटी/एसए) के लिए बॉण्ड की अवधि साढ़े चार वर्ष (4½ वर्ष) तथा श्रेणी-II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) के लिए बॉण्ड की अवधि 05 वर्ष होगी तथा क्षतिपूर्ति बॉण्ड /बैंक गारंटी की राशि क्रमश: Rs.4,47,000/-एवं Rs.5,07,000/- होगी।
श्रेणी- II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) – मेंटेनर और श्रेणी- II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) ऑपरेटर		24 महीने (02 वर्ष)	प्रथम वर्ष में Rs.20000/- प्रतिमाह । द्वितीय वर्ष में Rs.22000/- प्रतिमाह और Rs.3000/- पुस्तक भत्ता	
नोट : यदि अभ्यर्थी चिकित्सीय रूप से स्वस्थ हो तो अपेक्षित अनिवार्य शारीरिक मानदंड में छूट प्रदान की जा सकती है।				

6. आयु सीमा एवं वेतन

क्र.सं.	पद का नाम	दिनांक 04 फरवरी 2026 को आयु सीमा		वेतन मैट्रिक्स में वेतन (7 वें सीपीसी में संशोधित वेतन के अनुसार)
		न्यूनतम आयु सीमा	अधिकतम आयु सीमा	
1.	श्रेणी- I वैतनिक प्रशिक्षु / वैज्ञानिक सहायक (एसटी / एसए) – इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक / विज्ञान स्नातक)	18 वर्ष	25 वर्ष	प्रशिक्षण की सफल समाप्ति के उपरांत, प्रशिक्षुओं को सीसीएस (आरपी) नियमावली 2016 के अंतर्गत संशोधित वेतन संरचना (वेतन मैट्रिक्स) के स्तर 6 में Rs.35400/- वेतन पर वैज्ञानिक सहायक/बी के पद पर नियुक्ति हेतु विचार किया जाएगा। वर्तमान नियमों के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्य निष्पादन के आधार पर सुपात्र अभ्यर्थियों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि/यां भी प्रदान की जा सकती हैं।
2.	वैज्ञानिक सहायक/बी(सिविल)	18 वर्ष	30 वर्ष	सीसीएस (आरपी) नियमावली, 2016 के तहत संशोधित वेतन संरचना (वेतन मैट्रिक्स) के लेवल 6 में प्रारंभिक वेतन Rs.35400/-
3.	एक्स-रे तकनीशियन (तकनीशियन-सी)	18 वर्ष	25 वर्ष	सीसीएस (आरपी) नियमावली, 2016 के तहत संशोधित वेतन संरचना (वेतन मैट्रिक्स) के लेवल 4 में प्रारंभिक वेतन Rs.25,500/-
4.	श्रेणी-II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)-मेंटेनर और श्रेणी- II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) ऑपरेटर	18 वर्ष	24 वर्ष	प्रशिक्षण की सफल समाप्ति के उपरांत, प्रशिक्षुओं को सीसीएस (आरपी) नियमवली 2016 के अंतर्गत संशोधित वेतन संरचना (वेतन मैट्रिक्स) में स्तर 3 में Rs.21,700/- वेतन पर तकनीशियन/बी के पद पर नियुक्ति हेतु विचार किया जाएगा। वर्तमान नियमों के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कार्य निष्पादन के आधार पर सुपात्र अभ्यर्थियों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि/यां भी प्रदान की जा सकती हैं।
5.	सहायक ग्रेड.1(मा.सं.)/(वि.एवं लेखा)/(सं. एवं सा.प्र.)	21 वर्ष	28 वर्ष	सीसीएस (आरपी) नियमावली, 2016 के तहत संशोधित वेतन संरचना (वेतन मैट्रिक्स) के लेवल 4 में प्रारंभिक वेतन Rs.25,500/-

7. वेतन स्तर और अनुमानित मासिक परिलब्धियां:

पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स में वेतन लेवल	वेतन मैट्रिक्स में वेतन	58 %की दर से महंगाई भत्ता (प्रभावी तिथि 01 जुलाई 2025)	अनुमानित मासिक परिलब्धियां (वेतन+ महंगाई भत्ता)
वैज्ञानिक सहायक/बी	लेवल 06	Rs.35,400/-	Rs.20,532/-	Rs.55,932/-
तकनीशियन/बी	लेवल 03	Rs.21,700/-	Rs.12,586/-	Rs.34,286/-
एक्स-रे तकनीशियन (तकनीशियन-सी)	लेवल 04	Rs.25,500/-	Rs.14,790/-	Rs.40,290/-
सहायक ग्रेड.1(मा.सं.)/(वि.एवं लेखा)/(सं. एवं सा.प्र.)	लेवल 04	Rs.25,500/-	Rs.14,790/-	Rs.40,290/

डी.ए.- महंगाई भत्ता। डीए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित दरों के आधार पर बदल सकता है।

उपर्युक्त परिलब्धियों के अतिरिक्त निम्नलिखित भत्तें, प्रोत्साहन व सुविधाएं भी पोस्टिंग के स्थान के आधार पर मौजूदा नियमों/पात्रता के अनुसार उपलब्ध हैं:

A] भत्तें:

- परिवहन भत्ता
- आवास किराया भत्ता / पट्टा आवास सुविधा /हाउसिंग
- साइट लोकेशन अलाउन्स
- व्यावसायिक अद्यतन भत्ता (वार्षिक)

B] कर्मचारी लाभ व विविध सुविधाएं :

- छुट्टी व छुट्टी नकदीकरण
- छुट्टी यात्रा भत्ता
- स्वयं व आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधा (सीएचएसएस)
- संतानों के लिए टाउनशिप के भीतर शिक्षा सुविधा
- संतान शिक्षा सहायता
- केबल टीवी प्रभारों की प्रतिपूर्ति
- मोबाइल फोन प्रभारों की प्रतिपूर्ति
- अखबार प्रभारों प्रतिपूर्ति
- व्यावसायिक संस्थानों के सदस्यता शुल्क की प्रतिपूर्ति
- कैंटीन सब्सिडी

C] प्रोत्साहन:

- कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन

D] ऋण एवं अग्रिम :

- ब्याजयुक्त अग्रिम (गृह निर्माण, सामान्य प्रयोजन हेतु)

E] सेवानिवृत्ति लाभ/सामाजिक सुरक्षा योजनाएं:

- कर्मचारी भविष्य निधि
- ग्रेच्युटी
- सेवानिवृत्ति पश्चात चिकित्सा सुविधा
- हितलाभ निधि
- समूह बीमा
- एनपीसीआईएल परिभाषित अंशदान पेंशन योजना-2025

8. ऊपरी आयु सीमा में छूट

क्र. सं.	श्रेणी	आयु में छूट
1.	अनुसूचित जातियां/अनुसूचित जनजातियाँ	5 वर्ष
2.	अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)	3 वर्ष
3.	बेंचमार्क निशक्तता वाले व्यक्ति(बें.नि.ज.) अना/ईडब्ल्यूएस	10 वर्ष
	बें.नि.ज. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	15 वर्ष
	बें.नि.ज.-अन्य पिछड़ा वर्ग(नॉन क्रीमी लेयर) पीडब्ल्यूबीडी	13 वर्ष
4.	भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी	**ग्रुप-बी पदों हेतु:** पूर्व सैनिकों एवं ईसीओ/एसएससीओ समेत कमीशंड अधिकारियों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में मौजूदा नियमों के अनुसार पांच वर्ष की छूट दी जाएगी। **ग्रुप-सी पदों हेतु:** 03 वर्ष (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पर वास्तविक आयु में से प्रदान की गई सैन्य सेवा की कटौती के बाद)
5.	विधवा, तलाकशुदा महिलाएं और न्यायिक रूप से अपने पतियों से अलग हुई महिलाएं तथा जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है (तलाक या न्यायिक अलगाव के तथ्य को साबित करने के लिए उपयुक्त न्यायालय के निर्णय/डिक्री की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करने पर) **केवल समूह-सी के पदों में श्रेणी-II के वैतनिक प्रशिक्षु/ तकनीशियन, सहायक ग्रेड.1 (मा.सं.), वि.एवं लेखा, सं.एवंसा.प्र.) और तकनीशियन/सी (एक्स-रे तकनीशियन) के लिए लागू ।**	35 वर्ष की आयु तक (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के लिए 40 वर्ष तक) लेकिन शैक्षणिक योग्यता या भर्ती की विधि में कोई छूट नहीं ।
6.	एनपीसीआईएल संविदा कर्मचारी	संविदा श्रमिकों/नियत अवधि आधार पर संविदा पर एनपीसीआईएल में कार्य करने के अनुभव के अनुरूप निर्धारित आयु सीमा में अतिरिक्त छूट दी जाएगी जो अधिकतम पांच वर्षों के अधीन होगी।
7.	तारापुर परमाणु बिजलीघर के परियोजना प्रभावित व्यक्ति **केवल समूह-सी के पदों में सहायक ग्रेड.1 (मा.सं.), वि.एवं लेखा, सं.एवंसा.प्र.) और तकनीशियन/सी (एक्स-रे तकनीशियन) के लिए लागू ।**	पीएपी -अनारक्षित-45 वर्ष पीएपी –अन्य पिछड़ा वर्ग -48 वर्ष पीएपी – अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति-50 वर्ष
8.	कार्रवाई में दिवंगत रक्षा कर्मियों के आश्रित (डीओडीपीकेआईए)	5 वर्ष
9.	साल-1984 (डीईपी 1984) के दंगों में मारे गए लोगों के आश्रित	5 वर्ष

नोट:

i. यदि कोई आवेदक एक से अधिक श्रेणियों में आयु-छूट का पात्र है, तो उसे उपर्युक्त अनुमत आयु-छूट शेष किसी भी वर्ग में संचयी आधार पर आयु-छूट दी जाएगी जिसमें अधिकतम आयु-सीमा 56 वर्ष की होगी।

ii. एनपीसीआईएल में सेवारत कर्मचारीगण,जो अन्यथा निर्धारित मानदंडों को पूरा करते हैं, के लिए कोई आयु सीमा नहीं है।

iii. अनारक्षित पदों के लिए आवेदन करने वाले आरक्षित श्रेणी के आवेदकों को अनारक्षित आवेदकों के लिए निर्धारित सभी मानदंडों को पूरा करने पर पूरी भर्ती प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर किसी भी छूट/रियायत के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

iv. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुसार जाति/श्रेणी/आय और संपत्ति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

v. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों/पीडब्ल्यूबीडी के लिए छूट और रियायतें भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार प्रदान की जाएगी।

vi. अ.पि.व. के आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपनी स्थिति को "क्रीमी लेयर" या "नॉन क्रीमी लेयर" के रूप में इंगित करना होगा।" क्रीमी लेयर से संबंधित आवेदक ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के लिए अनुमत रियायत, छूट के हकदार नहीं हैं।

vii. पीडब्ल्यूबीडी के लिए आयु रियायत इस तथ्य पर ध्यान दिए बिना स्वीकार्य होगी कि पद पीडब्ल्यूबीडी के लिए आरक्षित है या नहीं, बशर्ते कि पद की पहचान विकलांगता की प्रासंगिक श्रेणी के लिए उपयुक्त हो। इसलिए, ऐसी स्थिति में, एक पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार जिसने आयु में छूट प्राप्त की है, उसका संबंधित श्रेणी में ही चयन किया जाएगा।

viii. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों के लिए आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र (आई एण्ड एसी) की वैधता के लिए निर्णायक तिथि उक्त पद हेतु आवेदन भरने की अंतिम तिथि ही मानी जाएगी।

9. तैनाती का स्थान

इस विज्ञापन के संबंध में चयनित उम्मीदवारों को तारापुर महाराष्ट्र स्थल, एनपीसीआईएल में तैनात किया जाएगा। हालांकि, वे भारत के किसी भी हिस्से में सेवा करने और एनपीसीआईएल की अन्य इकाइयों/साइटों/मुख्यालय में स्थानांतरित करने के लिए उत्तरदायी हैं, जैसा कि निगम हित में अपेक्षित हो।

10. चयन प्रक्रिया

क्र.सं	पद का नाम	चयन प्रक्रिया
1.	श्रेणी-I वैतनिक प्रशिक्षु/ वैज्ञानिक सहायक (एसटी/एसए)- इंजीनियरिंग में डिप्लोमाधारक / विज्ञान स्नातक और वैज्ञानिक सहायक/बी (सिविल)	ऑनलाइन परीक्षा + व्यक्तिगत साक्षात्कार ऑनलाइन परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सी बी टी) पर होगी और परीक्षा की अवधि 1.5 घंटे की होगी
2.	श्रेणी-II वैतनिक प्रशिक्षु/(एसटी/टीएन) ऑपरेटर एवं मेंटेनर	ऑनलाइन परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सी बी टी) पर होगी। ऑनलाइन परीक्षा दो चरणों में होगीः- **चरण–1**-प्रारंभिक परीक्षा (अवधि 1 घंटा) **चरण–2**-एडवांस्ड परीक्षा (अवधि 2 घंटे)
3.	सहायक ग्रेड.1(मा.सं.)/ (वि.एवं लेखा)/ (सं. एवं सा.प्र.)	
4.	एक्स-रे तकनीशियन **(**तकनीशियन-सी**)**	ऑनलाइन परीक्षा कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सी बी टी) पर होगी। ऑनलाइन परीक्षा दो चरणों में होगीः- **चरण–1**-प्रारंभिक परीक्षा (अवधि 1 घंटा) **चरण–2**-एडवांस्ड परीक्षा (अवधि 2 घंटे) **चरण 3 :** कौशल परीक्षा
नोट: उम्मीदवार को अंतिम पैनल में होने के लिए निर्धारित चयन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण में उत्तीर्ण होना होगा। ऑनलाइन परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र सभी पदों के लिए त्रिभाषी रूप (मराठी, हिंदी और अंग्रेजी) में होंगे ।		

10.1. <u>विस्तृत चयन प्रक्रिया:</u>

I. <u>वैतनिक प्रशिक्षु (वैज्ञानिक सहायक श्रेणी-I (एसटी/एसए) और वैज्ञानिक सहायक/बी के पद हेतु</u>

क] <u>चरण- 1 – ऑनलाइन परीक्षा</u>

(1) **कुल प्रश्न**: 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (04 उत्तरों के विकल्प के साथ)

(2) **अवधि**: 1½ घंटे (90 मिनट)

(3) **पाठ्यक्रम**: संबंधित विधा (विषय का ज्ञान) से संबंधित प्रश्न

(4) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 2 (दो) अंक दिए जाएँगे।

(5) प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.5 (आधा) अंक काटा जाएगा।

(6) **अधिकतम अंक** - 100 अंक

(7) लॉजिस्टिक आवश्यकताओं के आधार पर, ऑनलाइन परीक्षा एकल/बहुल सत्रों में आयोजित की जा सकती है।

(8) **अर्हता मानदंड**: 40% (अनारक्षित श्रेणी) और 30% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/पीडब्ल्यूबीडी वर्ग)।

(9) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए अंकों में छूट केवल तभी लागू होगी जब संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्तियाँ हों।

(10) **व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट**: व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की संख्या, व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी, लेकिन यह संख्या प्रत्येक पद के लिए सभी आरक्षित और अनारक्षित श्रेणियों में अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के 5 गुना से अधिक नहीं होगी। यदि पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हैं, तो केवल उत्तीर्ण उम्मीदवारों का ही साक्षात्कार लिया जाएगा। हालाँकि, समान अंक होने की स्थिति में, साक्षात्कार लिए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 5 गुना से अधिक होगी।

बी] <u>चरण-2 – व्यक्तिगत साक्षात्कार:</u>

(1) **कुल साक्षात्कार अंक**: 100
(2) व्यक्तिगत साक्षात्कार की भाषा: व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी प्रश्नों के उत्तर हिंदी या अंग्रेजी में दे सकते हैं।
(3) **अर्हता मानदंड**: 40% (अनारक्षित श्रेणी) और 30% (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/पीडब्ल्यूबीडी वर्ग)। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अंकों में छूट केवल तभी लागू होगी जब संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्तियां हों।
(4) ऑनलाइन परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार में समग्र प्रदर्शन के आधार पर अंतिम चयन होगा। महत्व 50:50 होगा।

समान अंक होने की स्थिति में, मेरिट सूची में स्थान निर्धारित करने के लिए निम्नलिखित मानदंडों को क्रमानुसार अपनाया जाएगा:-

- साक्षात्कार में अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में ऊपर स्थान दिया जाएगा।
- ऑनलाइन परीक्षा में कम ऋणात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में ऊपर स्थान दिया जाएगा।
- अधिक आयु वाले अभ्यर्थियों को मेरिट सूची में ऊपर स्थान दिया जाएगा।

II. <u>एक्स-रे तकनीशियन (तकनीशियन-सी), श्रेणी-II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)-मेंटेनर और श्रेणी-II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) ऑपरेटर के पदों के लिए</u>

A] <u>चरण- 1 – ऑनलाइन परीक्षा - प्रारंभिक परीक्षा</u>

(1) यह अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए एक स्क्रीनिंग परीक्षा होगी और सभी विधाओं के लिए प्रश्नपत्र एक समान ही रहेगा ।

(2) ऑनलाइन परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों का विकल्प) होंगे, जिनकी अवधि 01 (एक) घंटे होगी:

विषय	गणित	विज्ञान	सामान्य जागरूकता
प्रश्नों की संख्या	20	20	10

(3) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03 (तीन) अंक दिए जाएँगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 01 (एक) अंक काटा जाएगा।

(4) लॉजिस्टिक आवश्यकताओं के आधार पर, परीक्षा एकल/बहुल सत्रों में आयोजित की जाएगी।

(5) **अर्हता मानदंड : अर्हता मानदंड निम्नानुसार होंगे**:

सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) - 40% अंक
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/पीडब्ल्यूबीडी - 30% अंक (लागू, यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति हो)।

B] <u>चरण-2 – ऑनलाइन परीक्षा- एडवांस्ड परीक्षा</u>

चरण-1 में उपस्थित होने वाले सभी अभ्यर्थी चरण-2 (एडवांस्ड) की परीक्षा भी देंगे।

(1) परीक्षा 2 (दो) घंटे की अवधि की होगी और अधिकतम 150 अंक होंगे।

(2) परीक्षा में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों का विकल्प) होंगे।

(3) प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 (तीन) अंक दिए जाएँगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 (एक) अंक काटा जाएगा।

(4) प्रश्नों का स्तर उनकी शैक्षणिक/व्यावसायिक/तकनीकी अर्हता से संबंधित होगा।

(5) **अर्हता मानदंड: अर्हता मानदंड इस प्रकार होंगे**:

सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) - 30% अंक
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/पीडब्ल्यूबीडी - 20% अंक (यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति हो तो लागू)।

चरण-2 के बाद, केवल चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर उम्मीदवारों की एक मेरिट सूची तैयार की जाएगी।

समान अंक होने की स्थिति में, मेरिट सूची में स्थान तय करने के लिए निम्नलिखित मानदंड अपनाए जाएंगे:

- ✓ चरण -2 में कम ऋणात्मक अंकों वाले उम्मीदवारों को मेरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा।
- ✓ चरण -1 में अधिक अंक वाले उम्मीदवारों को मेरिट सूची में ऊपर स्थान दिया जाएगा।
- ✓ चरण -1 में कम ऋणात्मक अंकों वाले उम्मीदवारों को मेरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा।
- ✓ चरण -1 में गणित में अधिक सकारात्मक अंक वाले उम्मीदवारों को ऊपर रखा जाएगा ।
- ✓ चरण -1 में विज्ञान में अधिक सकारात्मक अंक वाले उम्मीदवारों को ऊपर रखा जाएगा ।

उम्मीदवारों को प्रारंभिक और एडवांस्ड परीक्षा अर्थात चरण-1 एवं चरण-2 की परीक्षा एक ही दिन में देनी होगी। चरण-1 एवं चरण-2 की परीक्षा (सीबीटी) को एक ही दिन में बिना किसी प्रकार के ब्रेक के आयोजित किया जाएगा ।

चरण -2 की परीक्षा के मूल्यांकन पर तभी विचार किया जाएगा जब उम्मीदवार चरण -1 की परीक्षा में उत्तीर्ण होगा।

नोट : चरण-1 व चरण-2 की प्रक्रिया एक्स-रे तकनीशियन (तकनीशियन-सी), श्रेणी-II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन)-मेंटेनर और श्रेणी-II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) ऑपरेटर के पदों के लिए समान है, परन्तु चरण-3 प्रक्रिया उपरोक्त पदों के लिए अलग है जो निम्नानुसार है :

चरण -3 - श्रेणी- II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) - मेंटेनर और श्रेणी- II वैतनिक प्रशिक्षु (एसटी/टीएन) ऑपरेटर के पद के लिए दस्तावेज़ सत्यापन / शारीरिक मानदंड परीक्षा

i. चरण -2 के बाद तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर, प्रत्येक ट्रेड में उम्मीदवारों को चरण -3 के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

ii. चरण -3 के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की संख्या चरण -2 में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी, लेकिन प्रत्येक पद के लिए सभी आरक्षित और अनारक्षित श्रेणियों में अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के 3 गुना से अधिक नहीं होगी। हालांकि, समान अंक की स्थिति में चरण -3 के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 3 गुना की सीमा से अधिक हो सकती है।

iii. दस्तावेज़ सत्यापन/शारीरिक मानदंड परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर अर्हता के क्रम में शॉर्टलिस्ट और पैनलबद्ध किया जाएगा ।

चरण 3: एक्स-रे तकनीशियन के पद के लिए दस्तावेज़ सत्यापन और कौशल परीक्षा

i. चरण -2 के बाद तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर, उम्मीदवारों को चरण -3 के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

ii. कौशल परीक्षा केवल गो (योग्य)/नो गो (योग्य नहीं) आधार पर अर्हता प्रकृति की होगी।

iii. कौशल परीक्षा हेतु अर्हता मानदंड: अर्हता मानदंड इस प्रकार होंगे:
सामान्य श्रेणी (अनारक्षित) - 50% अंक
अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/पीडब्ल्यूबीडी - 40% अंक (यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति हो तो लागू)।

iv. चरण -3 के लिए शॉर्टलिस्ट किए उम्मीदवारों की संख्या चरण -2 में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी, लेकिन प्रत्येक पद के लिए सभी आरक्षित और अनारक्षित श्रेणियों में अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के 5 गुना से अधिक नहीं होगी। हालांकि, समान अंक की स्थिति में चरण -3 के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या 5 गुना की सीमा से अधिक हो सकती है।

v. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के सफल समापन पर ही कौशल परीक्षा से गुजरना होगा।

vi. कौशल परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चरण -2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरीट के क्रम में शॉर्टलिस्ट और पैनलबद्ध किया जाएगा ।

III. सहायक ग्रेड.1 (मा.सं.)/ सहायक ग्रेड.1(वि.एवं लेखा)/ सहायक ग्रेड.1(सं. एवं सा.प्र.) के पद हेतु

A] चरण- 1– ऑनलाइन परीक्षा - प्रारंभिक परीक्षा

1. ऑनलाइन परीक्षा में अधिकतम 150 अंकों के लिए 01 (एक) घंटे की अवधि में निम्नलिखित अनुपात में 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों के विकल्प) होंगे

विषय	सामान्य ज्ञान एवं करंट अफेयर्स	कंप्यूटर ज्ञान	अंग्रेजी
प्रश्नों की संख्या	25	15	10

2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03 (तीन) अंक प्रदान किए जाएँगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 01 (एक) अंक काटा जाएगा।
3. लॉजिस्टिक आवश्यकताओं के आधार पर परीक्षाएँ एकल/बहुल सत्रों में आयोजित की जाएगी।

4. **<u>अर्हता मानदंड: अर्हता मानदंड निम्नानुसार होंगे</u>** :
   सामान्य श्रेणी (अनारक्षित)– 40% अंक
   अजा/अजजा/अपिव(नॉन क्रीमीलेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/पीडब्ल्यूबीडी – 30% अंक (लागू, यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति उपलब्ध हो)

   तदनुसार, 40% से कम अंक प्राप्त करने वाले सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों और 30% से कम अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग(ईडब्ल्यूएस)/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को चरण-2 के लिए स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा।

बी) <u>चरण-2 –ऑनलाइन परीक्षा- एडवांस्ड परीक्षा</u>

1. चरण-1 में बैठने वाले सभी उम्मीदवार चरण-2 (एडवांस्ड परीक्षा) में भाग लेंगे। परीक्षा अधिकतम 150 अंकों के लिए 02 (दो) घंटे की अवधि के लिए होगी।

2. परीक्षा में निम्नलिखित पाठ्यक्रम से 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (चार उत्तरों का विकल्प) होंगे :
   संख्यात्मक योग्यता- 25 प्रश्न
   विश्लेषणात्मक तर्कशक्ति - 25 प्रश्न

3. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 03 (तीन) अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 01 (एक) अंक काटा जाएगा

4. **अर्हता मानदंड: अर्हता मानदंड निम्नानुसार होंगे:**
   सामान्य श्रेणी (अनारक्षित))– 30% अंक
   अजा/अजजा/अपिव(नॉन क्रीमीलेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)/पीडब्ल्यूबीडी – 20% अंक (लागू, यदि संबंधित आरक्षित श्रेणी में रिक्ति उपलब्ध हो)

   तदनुसार, 30 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले सामान्य उम्मीदवारों और 20 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमीलेयर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग(ईडब्ल्यूएस)/पीडब्ल्यूबीडी के उम्मीदवारों को अगले चरण के लिए स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा।

   चरण-2 की परीक्षा के पश्चात केवल चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर उम्मीदवारों की एक योग्यता-क्रम सूची तैयार की जाएगी।

समान अंक होने की स्थिति में, योग्यता क्रम सूची में स्थिति तय करने के लिए क्रम से निम्नलिखित मानदंड अपनाए जाएँगे :-

- ✓ चरण -2 में कम ऋणात्मक अंक वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा।
- ✓ चरण -1 में अधिक अंक वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा।
- ✓ चरण -1 में कम ऋणात्मक अंक वाले अभ्यर्थियों को योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा।
- ✓ अभ्यर्थियों की जन्म तिथि (पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थियों योग्यता क्रम सूची में ऊपर रखा जाएगा)।

<u>नोट-</u> <u>अभ्यर्थियों को एक ही दिन में प्रारंभिक और एडवांस्ड परीक्षा अर्थात् चरण-1, चरण-2, देनी होगी । चरण-1, चरण-2 परीक्षा (सीबीटी) एक ही दिन में बिना किसी ब्रेक के आयोजित की जाएगी। चरण-2 (एडवांस्ड परीक्षा) के प्रत्युत्तरों का मूल्यांकन तभी किया जाएगा जब अभ्यर्थी चरण-1 (प्रारंभिक परीक्षा) में उत्तीर्ण होगा।</u>

<u>दस्तावेज सत्यापन एवं पद हेतु चयन :-</u>

1. चरण-2 के बाद तैयार की गई मेरिट सूची के आधार पर, प्रत्येक ट्रेड के उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

2. दस्तावेज़ सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की संख्या चरण-2 में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी, लेकिन प्रत्येक पद के लिए सभी आरक्षित और अनारक्षित श्रेणियों में अधिसूचित रिक्तियों की संख्या के तीन गुना से अधिक नहीं होगी। हालाँकि, समान अंक होने की स्थिति में, दस्तावेज़ सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या तीन गुना की सीमा से अधिक हो सकती है।

3. दस्तावेज सत्यापन को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को उनके द्वारा आवेदित संबंधित पदों के लिए चरण-2 में अर्जित अंकों के आधार पर मेरिट क्रम में पैनलबद्ध किया जाएगा ।

4. सहायक ग्रेड-1 (मानव संसाधन)/(वित्त एवं लेखा)/(सं. एवं सा.प्र.) के पद पर चयन होने पर, उम्मीदवारों को एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखा जाएगा। परिवीक्षा की पहली छह महीने की अवधि पूरी होने पर, उन्हें 30 शब्द प्रति मिनट की गति से टाइपिंग टेस्ट देना होगा। यदि उम्मीदवार इस परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाता है, तो एक महीने की अवधि के बाद दूसरा अवसर प्रदान किया जाएगा।

इसके अलावा, परिवीक्षा के दौरान पंद्रह दिनों का कंप्यूटर प्रवीणता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा के औपचारिक मूल्यांकन में उत्तीर्ण होने के बाद ही परिवीक्षा को समाप्त किया जाएगा।
- नीचे (क) में दी गई प्रक्रिया के अनुसार पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) पर टाइपराइटिंग परीक्षा और
- नीचे (ख) में दी गई प्रक्रिया के अनुसार पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) पर कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा

नोट- यदि वह दूसरे अवसर में टाइपिंग परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल रहता है या कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा के औपचारिक मूल्यांकन में असफल रहता है, तो संतोषजनक ढंग से कर्तव्य निर्वहन के लिए अपेक्षित कौशल प्राप्त न करने के कारण उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।

(क) पीसी पर टाइपिंग प्रवीणता परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया

1 अभ्यर्थियों को अंग्रेजी में न्यूनतम 300 शब्दों का एक मुद्रित अनुच्छेद दिया जाएगा। हिंदी टाइपिंग परीक्षा देने के इच्छुक अभ्यर्थियों को हिंदी में 300 शब्दों का एक अनुच्छेद भी दिया जा सकता है। अनुच्छेद में प्रत्येक पंक्ति, प्रत्येक अनुच्छेद और अनुच्छेद के अंत में स्ट्रोक की संख्या दर्शाई हुई होगी ।

2 परीक्षा की अवधि नीचे दिए गए पैरा (3) में दिए गए निर्देशों के अधीन 10 मिनट की होगी। अभ्यर्थियों को दिए गए अनुच्छेद को कंप्यूटर पर वर्ड-प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर पर 10 मिनट के अंदर अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति से टाइप करना होगा।

3 अभ्यर्थियों को टाइप किए गए अनुच्छेद को दिए गए हैंडआउट की तरह ही फ़ॉर्मेट करने और प्रिंटर में प्रिंट करने के लिए 5 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। नियमित रूप से उपयोग की जाने वाली निम्नलिखित फ़ॉर्मेटिंग विशिष्टताओं का परीक्षण किया जाएगा:

□ पेराग्राफ की इंडेन्टिंग	□ डिफरेन्ट फाण्ट साइज का प्रयोग करना
□ सेलेक्टेड टेक्सट को बोल्ड करना	□ पेराग्राफ नंबर इंसर्ट करना
□ अंडरलाइन	□ सेंटर, लेफ्ट, राइट जस्टीफिकेशन
□ इटेलिक्स	□ लेफ्ट/राइट मार्जिन की सेटिंग करना
□ विभिन्न फॉण्ट टाइप का उपयोग करना	□ पैसेज की लाइन स्पेसिंग अर्थात सिंगल, डबल

4 यदि अभ्यर्थी ने समय से पहले अनुच्छेद की टाइपिंग पूरी कर ली है तो उसे आवंटित 10 मिनट के भीतर अनुच्छेद टाइप करते समय एडीटिंग टूल्स का उपयोग करके गलतियों को सुधारने पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

5 गति, सटीकता और गलतियों का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जाएगा :-

(क) एक शब्द छूटने/बढ़ने पर एक अंक काटा जाएगा। यदि अभ्यर्थी पूरा अनुच्छेद टाइप नहीं कर पाता है, तो छूटे हुए शब्दों की संख्या को छूटे हुए शब्दों के रूप में गिना जाएगा और प्रत्येक छूटे हुए शब्द के लिए एक अंक काटा जाएगा।

(ख) प्रत्येक वर्तनी की गलती के लिए एक अंक काटा जाएगा।

(ग) फॉर्मेटिंग के लिए कुल अंक 10 होंगे और पैराग्राफ में कुल विशेषताएँ 10 होनी चाहिए, जैसा कि ऊपर दी गई तालिका में बताया गया है। फॉर्मेटिंग विशेषताओं के मामले में, यदि उम्मीदवार नमूने के अनुसार फॉर्मेटिंग करता है, तो प्रत्येक विशेषता के लिए एक अंक दिया जाएगा। अन्यथा, कोई अंक नहीं दिया जाएगा। फॉर्मेटिंग विशेषताओं के लिए निर्धारित 10 अंकों में से, उम्मीदवार को उत्तीर्ण होने के लिए कम से कम 6 अंक प्राप्त करने होंगे।

(घ) परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए, अभ्यर्थी को फॉर्मेटिंग विशेषताओं के लिए 10 में से कम से कम 6 अंक प्राप्त करने होंगे तथा अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट या हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट की गति होनी चाहिए।

6 दिए गए अनुच्छेद में कुल शब्दों की संख्या के केवल 3% तक की गलतियाँ ही स्वीकार्य होंगी। यदि गलतियाँ 3% से अधिक होगी, तो अभ्यर्थी को टाइपिंग दक्षता परीक्षा में अनुत्तीर्ण माना जाएगा।

(ख) कंप्यूटर प्रवीणता परीक्षा आयोजित करने की प्रक्रिया

कंप्यूटर दक्षता परीक्षा को, एमएस विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम और डेस्कटॉप एप्लिकेशन जैसे एमएस ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, एक्सेस, पावरपॉइंट), ईमेल प्रबंधन और इंटरनेट सर्फिंग में उम्मीदवार की दक्षता का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया जाएगा ।

तदनुसार, एक परीक्षा प्रश्नपत्र जिसके दो भाग होंगें अर्थात भाग । - वर्ड, एक्सेल, एक्सेस, पावरपॉइंट और भाग ॥ - ईमेल प्रबंधन और इंटरनेट सर्फिंग में छह प्रश्न होंगे, उपलब्ध कराया जाएगा ।प्रत्येक भाग की अवधि 30 मिनट की होगी और 100 अंक रहेंगे।

भाग-। में 4 (चार) प्रश्न होंगे और प्रत्येक के 20 अंक होंगे और भाग-॥ में 2 (दो) प्रश्न होंगे और प्रत्येक के 10 अंक होंगे।

50% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को योग्य (GO) घोषित किया जाएगा और 50% से कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य (NO GO) घोषित किया जाएगा।

11. प्रतीक्षा सूची को अमल में लाना:

प्रतीक्षा सूची में चयन सूची के जैसे ही उम्मीदवारों की समान संख्या होगी। प्रतीक्षा सूची केवल तभी अमल में लाई जाएगी जब चयनित सूची में से किसी उम्मीदवार के पदभार ग्रहण करने के लिए निर्धारित समय के भीतर कार्यभार ग्रहण न करने के कारण कोई रिक्ति उत्पन्न हो, या जहाँ कोई उम्मीदवार पद ग्रहण करता है लेकिन कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के भीतर त्यागपत्र दे देता है या उसकी मृत्यु हो जाती है और यदि उस समय तक कोई नया पैनल उपलब्ध नहीं होता है। प्रतीक्षा सूची, पैनल के अनुमोदन की तिथि से एक वर्ष के बाद या समान पद के लिए भर्ती की अधिसूचना के बाद, जो भी पहले हो, अमल में नहीं लाई जाएगी।

12. ऑनलाइन परीक्षा के लिए उपस्थित होने के लिए यात्रा भत्तें की निम्नानुसार प्रतिपूर्ति की जाएगी (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु) :

केवल बाहरी राज्यों से अनुसूचित जाति/जन जाति के वे अभ्यर्थी जिन्हें ऑनलाइन परीक्षा के लिए बुलाया गया है और जो केंद्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन/निगम/स्थानीय सरकार/पंचायत में कार्यरत नहीं हैं, उन्हें नियमानुसार आने-जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल किराया या साधारण बस किराया सबसे छोटे मार्ग से मूल यात्राटिकट और जाति प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करने पर दिया जाएगा।

हालाँकि, 30 किलोमीटर से अधिक दूर से आने वाले अभ्यर्थियों को टिकट प्रस्तुत करने पर प्रतिपूर्ति का भुगतान किया जाएगा।

यात्रा भत्तें की प्रतिपूर्ति की राशि अभ्यर्थियों के बैंक खाते में इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा की जाएगी। तदनुसार, ऑनलाइन परीक्षा के लिए बुलाए गए और यात्रा भत्तें के पात्र अनुसूचित जाति/जनजाति के अभ्यर्थियों को दिए गए निर्धारित प्रारूप में अपने बैंक खाते का विवरण प्रस्तुत करना होगा।

13. दस्तावेज सत्यापन/ कौशल परीक्षा / साक्षात्कार के समय मूल दस्तावेजों का सत्यापन

दस्तावेज़ सत्यापन/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (यथा प्रयोज्य) के समय निम्नलिखित **मूल दस्तावेज़ों** का सत्यापन किया जाएगा। **मूल दस्तावेज़ प्रस्तुत न करने पर उम्मीदवार को आगे की भर्ती प्रक्रिया से वंचित कर दिया जाएगा:**

a. पासपोर्ट आकार के दो फ़ोटो।

b. ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट।

c. ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से जनरेट किया गया ई-प्रवेश पत्र।

d. सरकार द्वारा जारी वैध फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, पैन कार्ड आदि।

e. जन्म तिथि का प्रमाण: दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र जिसमें जन्मतिथि इंगित की गई हो या स्कूल छोड़ने का प्रमाणपत्र।

f. आवश्यक अर्हता और अनुभव: निर्धारित शैक्षणिक/तकनीकी/व्यावसायिक अर्हता के समर्थन में प्रत्येक वर्ष/सेमेस्टर के सभी प्रमाणपत्र/अंक तालिकाएँ।

g. आयु सीमा, अर्हता और अर्हता-पश्चात अनुभव की गणना के लिए कट-ऑफ तिथि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि होगी अर्थात **04 फरवरी 2026.**

h. जिन उम्मीदवारों को सीजीपीए प्रणाली के तहत ग्रेड दिए गए हैं, उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन के समय विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा सीजीपीए ग्रेड को उचित प्रतिशत में परिवर्तित करने के संबंध में जारी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

i. यदि सीजीपीए/सीपीआई पैटर्न के अंतर्गत अंकों का प्रतिशत निर्धारित करने में अस्पष्टता हो और संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा रूपांतरण उपलब्ध न हो या प्रदान न किया गया हो, तो ऐसे मामलों में निम्नलिखित मानकों का पालन किया जाएगा:

अर्हता परीक्षा में % अंक	अनेकानेक स्केल पर समतुल्य सीजीपीए/सीपीआई						
	10 पॉइंट	9 पॉइंट	8 पॉइंट	7 पॉइंट	6 पॉइंट	5 पॉइंट	4 पॉइंट
55%	5.9	4.9	4.4	3.8	3.3	2.7	2.0
60%	6.5	5.4	4.8	4.2	3.6	3.0	2.2
65%	7	6	5.3	4.6	4	3.3	2.5

j. भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)

k. वैध अ.पि.व. प्रमाणपत्र (नॉन-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र) केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में 01/04/2025 को या उसके बाद जारी किया गया हो (यदि लागू हो)। अ.पि.व. आवेदकों को दस्तावेज़ सत्यापन/कौशल परीक्षण/व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए रिपोर्टिंग के समय यह कहते हुए वचनबंध देना होगा कि वे अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर) से संबंधित हैं, जैसा भी मामला हो।

   इसके अतिरिक्त, अ.पि.व. (नॉन-क्रीमी लेयर) आवेदकों को दस्तावेज़ सत्यापन/व्यक्तिगत साक्षात्कार/कौशल परीक्षा (जैसा लागू हो) के समय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णायक तिथि से पहले जारी अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। ऐसे मामलों में निर्णायक तिथि उस वित्तीय वर्ष की 01 अप्रैल को या उसके बाद होगी जिसमें दस्तावेज़ सत्यापन किया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि दस्तावेज़ सत्यापन मार्च 2026 में किया जाता है, तो अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र 01/04/2025 को या उसके बाद जारी किया जाना चाहिए जो वित्तीय वर्ष 2024-25 की आय पर आधारित हो। यदि दस्तावेज़ सत्यापन अप्रैल 2026 में किया जाता है, तो अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर) प्रमाणपत्र 01/04/2026 को या उसके बाद जारी किया जाना चाहिए, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 की आय पर आधारित हो।

l. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग(ईडब्ल्यूएस) प्रमाण पत्र (आय और संपत्ति प्रमाण पत्र) भारत सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा 01/04/2025 को या उसके बाद जारी किया गया हो और वर्ष 2025-26 के लिए वैध हो। (यदि लागू हो)

